निचली बस्तियों में जल भराव होने पर तत्कालिक व्यवस्था करने के बारे में बैठक

भिलाईनगर। निगम भिलाई क्षेत्र में मानसूनी बारिश लगातार रूक–रूक के हो रही है, जिससे नालो में जल स्तर बढ़ रहा है। निगम भिलाई क्षेत्र के निचली बस्तियो में अधिक वर्षा होने पर जल भराव की संभावना बन जाती है। जिससे वहां के निवासियो को परेशानी हो जाती है। नागरिको को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, किसी का भी जान मान का नुकासान न हो। इसी को देखते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम सभागार में बैठक आहूत की, जिसमें सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, अभियंताओ को निर्देश कियें। जल भराव क्षेत्र में रहने वाले निवासियो के लिए समुचित व्यवस्था पूर्व से करके रखी जाए। जिन्हे आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक रूप से व्यवस्थापित किया जा सके। अन्य बिन्दुओ में स्वच्छता, पेयजल पाईप लाईन लिकेज की व्यवस्था सुदृढ़ हो। बारिश के समय में मौसमी बीमारियां फैलती है जिसे रोकने के लिए प्रारंभिक रूप से तैयारी की जावे। स्वच्छता सर्वेक्षण से पूर्व सभी माप दण्डो पर तैयारी की जावे। जिसमें प्रमुख बिन्दुओ पर चर्चा की गई। जल भराव होने पर वहां के नागरिको को जहां पर रोका जायेगा उनके खाने पीने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था निर्धारित करने करके रखी जाए। जर्जर हो चुकी पानी टंकियों के आस–पास चेतावनी बोर्ड चलाया जाए और घेरे से मार्किंग भी किया जाए। जिससे किसी प्रकार का दुर्घटना से बचा जाए। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। नाली चोंक न हो, नाली के उपर अवैध कब्जा न हो, पुराने मकान तोड़ कर बनाने पर निकलने वाले मलवे सीएनडी को व्यवस्थित ढंग से निपटान जाए। सामुदायिक शौचालय की साफ–सफाई, पानी सप्लाई व्यवस्थित होनी चाहिए। सिंगल युज प्लास्टिक बेचने या उपयोग करने वालो पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। खुले मे कचरा फेंकने वालो पर अर्थदण्ड वसूला जाए। सार्वजनिक स्थल पर कचरा फेकने वाले जगह पर सौदर्यीकरण कर वृक्ष एवं पेवर ब्लाक लगा दिया जाए। इत्यादि बिन्दुओ पर सभी अधिकारियो से विचार विमर्श करने के बाद दिशा निर्देश दिये। नगर निगम भिलाई द्वारा मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम बनाया गया है। नागरिक मुख्य कार्यालय के कंट्रोल रूम में फोन नं. 0788–2294303 कॉल करके बाढ़ से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। बैठक में अपर आयुक्त, जोन के जोन आयुक्त, अधीक्षण अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, अभियंतागण एवं स्वास्थ्य सुपरवाईजर आदि उपस्थित रहे।